कार्रवाई — एनकेजे क्षेत्र के हाइवे और रीठी में की गई वाहनों की जांच, वसूला गया एक लाख 5 रूपए हजार का जुर्माना

# मजिस्ट्रेट चैकिंग, काटा चालान, वसूला जुर्माना





**नवभारत, कटनी।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़क हादसों को कम करने के लिए बुधवार को अभियान चलाया गया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ काफी संख्या में चालानी कार्रवाई की गई और जुर्माना वसूल किया गया। वाहनों की जांच कार्रवाई एनकेजे थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 स्थित सुर्खी टैंक के पास और रीठी थाने के सामने मुख्य मार्ग पर की गई।
कार्रवाई के दौरान न्यायिक अधिकारी स्वंय मौके पर मौजूद रहे। सुर्खी टैंक पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में जांच अभियान चलाया गया। यहां यात्री बसों, भारी ट्रकों और लोडर वाहनों सहित अन्य वाहनों पर 57 चालान काटे गए। वहीं रीठी में मजिस्ट्रेट भी के नेतृत्व में जांच कार्रवाई की गई। जांच कार्रवाई के दौरान24 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया है। दोनों स्थानों पर की गई इस जांच कार्रवाई से करीब 1 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला किया गया है। वाहन जांच कार्रवाई अभियान के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। यातायात थाना प्रभारी, संबंधित क्षेत्रों के थाना प्रभारी और भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों ने चालान काटने के साथ-साथ वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सख्त हिदायत भी दी। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से बिना हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग, फिटनेस और बीमा दस्तावेजों की कमी, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहनों की जांच की गई।
मजिस्ट्रेट चेकिंग शुरू होने पर राजमार्ग और प्रमुख सड़कों पर चलने वाले लापरवाह वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए रास्ते बदलते नजर आ रहे थे। कुछ चालकों ने वाहन किनारे खड़े कर दिया। जांच कार्रवाई का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षा मानकों का पालन कराना था। कार्रवाई के दौरान हड़कंप की स्थिति रही।



# प्लांट के पास सीमाकंन कराएं, नालों को व्यस्थित करें

▸ नगर निगम आयुक्त ने पाइपलाइन विस्तार, ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार ने गुरुनानक वार्ड सब्जी मंडी में चल रहे पाइप लाइन विस्तार कार्य, मसुरहा घाट में निर्मित लिक्विड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट सहित आचार्य विनोबा भावे वार्ड खिरहनी बस्ती का पैदल भ्रमण कर नगर निगम द्वारा प्रदाय की जाने वाली पेयजल, साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। निगमायुक्त द्वारा भ्रमण के दौरान गुरुनानक वार्ड में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए सब्जी मंडी में चल रहे नवीन पाइपलाइन विस्तार कार्य का स्थल निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा द्वारा नागरिकों को पर्याप्त औ शुद्ध पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए जिन स्थलों पर पुरानी पेयजल पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त, खराब होने से जलापूर्ति प्रभावित होने की संभावना है वहां नवीन पाईलाईन विस्तार कार्य कराए जाने की जानकारी दी गई। निगमायुक्त ने नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पेयजल पाइप लाइन विस्तार के कार्य को मजबूती के साथ करने के निर्देश दिए। नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए पाईपलाईन विस्तार के बाद जल्द से जल्द स्थल को समतल करने, सब्जी मंडी में अतिक्रमण अभियान चलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त द्वारा नगर के मोहन घाट, गाटरघाट और मसुरहा घाट में मिलने वाले नालों के पानी के ट्रीटमेंट के लिए मसुरहा घाट में 6 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित लिक्विड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर गंदे पानी को शुद्ध करने की विभिन्न प्रक्रियाओं की बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा प्लांट रूम, ऑपरेटर रूम अनोक्सिक टैंक मिक्सर, ओजीआई, बीएस, सीआय, एयर ब्लोअर, एसीएफ, एनसीएफ, यूवी पैनल, फ्लो मीटर मशीनों के चरणवार कार्य करने की पद्धति को समझा।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा प्लांट के आसपास की शासकीय भूमि का सीमांकन कराने और नालों को व्यवस्थित कर स्थल प्लांट के आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त साफ-सफाई कराने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निरीक्षण के अगले चरण में आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित खिरहनी की संपूर्ण बस्ती का पैदल भ्रमण निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद सुखदेव चौधरी और पूर्व पार्षद गौरीशंकर पटेल भी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने उप कार्यालय के आगे मुख्य मार्ग के किनारे के अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी को दिए। निरीक्षण के दौरान बस्ती की गलियों में सफाई का आभव पाए जानें पर मौके पर कार्यरत स्वच्छता कर्मी से सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर क्षेत्रीय दरोगा को प्रतिदिन बस्ती की सड़कों और सुलभ काम्पलेक्स की सफाई कराने के साथ ही सप्ताह में दो दिवस बस्ती के नाले-नालियों की सफाई कराने के लिए निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा स्थानीय नगारिकों से संवाद कर पेयजल सप्लाई और गुणवत्ता की जानकारी भी ली गई। वार्ड के हैंडपंपों के पास चेंबर बनाने और सुलभ काम्पलेक्स के सामने चबूतरे के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा को दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के उपयंत्री संजय मिश्रा, जेपी सिंह बघेल, विनोद सिंह चौहान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

**नवभारत, कटनी।** शिक्षा के मंदिर में शराब पीकर आने और अनुशासनहीनता बरतने पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल विजयराघवगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला गोइन्द्रा में पदस्थ सहायक अध्यापक अरविन्द कुजूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब ग्रामीणों ने शिक्षक की इस हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद जनशिक्षक द्वारा विद्यालय परिसर पहुंचकर मामले की जांच की और पंचनामा तैयार किया। जांच के आधार पर यह पाया गया कि सहायक अध्यापक अरविंद कुजूर अक्सर शराब के नशे में स्कूल आते हैं और बच्चों को नहीं पढ़ाते हैं। सहायक अध्यापक का यह कृत्य घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता के मद्देनजर पंचायत सीईओ ने मप्र सिविल सेवा नियम के उपनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला गोइन्द्रा के सहायक अध्यापक अरविन्द कुजूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में सहायक अध्यापक अरविंद कुजूर का मुख्यालय कार्यालय विकासखड शिक्षा अधिकारी बड़वारा में निर्धातिर किया गया है। निलंबन अवधि में सहायक अध्यापक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। गौरतलब है कि पिछले दिन शिक्षक के शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था, जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक ने शिक्षक के कृत्य के प्रति नाराजगी जताई थी।

### रेत के अवैध परिवहन पर दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में खनिज के अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके पालन में ग्राम पिपरिया बहिरघटा के पास नदी घाटों के पास से रेत से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किया गया है।

# सूक्ष्म उद्यम सिंचाई परियोजना स्वीकृत,खेतों तक पहुंचेगा पानी

▸ विधायक संजय पाठक की मांग, पर सीएम ने दी सौगात



**नवभारत, कटनी।** मप्र की केबिनेट बैठक में जिले विजयराघवगढ़ के विधानसभा के बरही और विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों की 25 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को बाण सागर डैम के पानी को दो लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से प्रेशर पाइप से खेतों तक पानी पहुंचाने वाली धनवाही, बरही सूक्ष्म उद्यम सिंचाई योजनाओं को स्वीकृति मिल गई।

इन दोनों योजनाओं में लगभग 616 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। जिससे मैहर जिले के 7 और कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों के 25 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाएगा। विधायक संजय पाठक बहुत समय से बाण सागर डैम के पानी को लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से खेतों तक पहुंचाने वाली योजना के लिए प्रयास कर रहे थे जिसके लिए उन्होंने जल संसाधन विभाग के विभागीय अधिकारियों के माध्यम से योजना और डीपीआर बनाने के लिए मांग की थी। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट में धनवाही और बरही सूक्ष्म उद्यम सिंचाई योजनाओं को स्वीकृत कर दिया है । विजयराघवगढ़ विधानसभा के 30 ग्राम पंचायतों के 25 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने वाली दो सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति के लिए विधायक संजय पाठक ने क्षेत्र की जनता की ओर से मुख्यमंत्री का आभार जताया है उन्होंने कहा कि परियोजना से हमारी सरकार के किसान कल्याण वर्ष में हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का है संकल्प को पूरा कर रही है इन दोनों परियोजनाओं से विजयराघवगढ़ विधानसभा के 14 हजार किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होने विधानसभा क्षेत्र के सभी किसानों को बधाई देते एक बार फिर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के प्रति क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। बरही सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से विधानसभा की विजयराघवगढ़ और बरही तहसील के केवलारी, गैरतलाई, उबरा, खन्ना बंजारी, धवईया, डोकरिया, सिजहरा, बनगवाँ, पथरेहटा, सिनगौड़ी, खिरवा, सिमरिया, रामपुर टोला, सिंघनपुरा, टिकरिया, पटपरहा, खलैन्धा, कुंदरही, गुहावल, बकेली, उरदानी, करौंदी कलां, झिरिया, बुजबुजा, करौंदी खुर्द, सिरोंजा, हनतला ग्राम को इसके अलावा धनवाही परियोजना से कुटेश्वर, इटम और इटौरा से पाइप और वॉल्व के माध्यम से सिंचाई का पानी मिलेगा।

# शार्ट सर्किट से आभूषण दुकान और घर में लगी आग

▸ स्लीमनाबाद क्षेत्र में हुई आगजनी, लाखों का नुकसान




**नवभारत, कटनी।** स्लीमनाबाद ग्राम में बुधवार सुबह बस स्टैंड के पास स्थित पवन ज्वेलर्स में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपटें दुकान के अलावा मकान के ऊपरी कमरों को भी पहुंच गई। आगजनी में हादसे में लाखों रुपए की गृहस्थी, नकदी और कीमती सामान जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह दुकान से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की इतनी तेज थी कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका।

सूचना के लगभग डेढ़ घंटे बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। दुकान और मकान के मालिक नारायण दास सोनी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें घर का सामान बाहर निकालने का मौका तक नहीं मिला। दुकान में रखी करीब एक लाख रुपए नकदी, लाखों रुपए के जेवर, फर्नीचर, कूलर और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इस आग में उनकी सालों की जमापूंजी खत्म हो गई।

# मां जैसी बोलती रहीं बुजुर्ग महिला, बेटे की तरह सुनते रहे कलेक्टर

▸ बुजुर्ग महिला की शिकायत के बाद कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के लिए बड़वारा पहुंचे थे। जनसुनवाई समाप्त होने के बाद जैसे ही कलेक्टर तहसील कार्यालय पहुंचे, तभी बड़वारा तहसील कार्यालय की सीढ़ियों में ही कलेक्टर से मिलने की आस में ग्राम भनपुरा निवासी 82 वर्षीय वृद्धा शांति बाई कलेक्टर को खड़ी दिखीं। कलेक्टर जैसी ही बुजुर्ग महिला के पास पहुंचे, वे उनको अपनी फरियाद सुनाने लगी। महिला मां की तरह बोलती रही और कलेक्टर बेटे की तरह सुनते रहे। बुजुर्ग महिला की बात करने का देशी ग्रामीण अंदाज कुछ लोगों को पसंद नहीं आ रहा था। उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन कलेक्टर आशीष तिवारी ने उल्टा उनको ही रोक दिया और कहा कि अम्मा को बोलने दो। इसके बाद तो बुजुर्ग महिला ने बेहिचक कलेक्टर को पूरी बात बताई। उन्होने कहा कि कुछ लोगों ने उसके जमीन पर कब्जा कर लिया है और खेत में लगी मेरी धान की फसल को भी ट्रैक्टर द्वारा खराब कर दी गई है।

इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद बड़वारा टीआई केके पटेल और नायब तहसीलदार ऋषि गौतम को कार्रवाई कर अम्मा को उनकी जमीन का कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने के आरोप में किया गिरफ्तार

▸ बहला फुसलाकर किया गया था नाबालिग से दुष्कर्म

**नवभारत, कटनी।** बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किए जाने से गर्भवती हुई नाबालिग बालिका द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी स्टेशनरी दुकानदार है। पुलिस ने बताया कि तीन फरवरी 2026 की रात लगभग साढ़े 12 बजे पुलिस कन्ट्रोल रुम के माध्यम से महिला थाना प्रभारी बर्षा सोनकर को सूचना दी गई कि एक नबालिग अविवाहित बालिका ने सरकारी जिला अस्पताल के प्रसूती वार्ड में एक नवजात शिशु को जन्म दिया है। महिला संबंधी गंभीर अपराध होने की जानकारी मिलने पर महिला थाना प्रभारी अपनी टीम सहित तत्काल जिला अस्पताल पहुंची। नाबालिग बालिका से घटना के संबंध मे पूछताछ करने की गई। जिसमें पता चला कि नाबालिग कक्षा 10वीं में पढती है और अपनी मां के साथ रहती है। आरोपी स्टेशनरी दुकान संचालक से मोबाइल के माध्यम से बातचीत होती थी, जिसके बाद आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसला कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जिसके कारण नाबालिग गर्भवती हो गई थी। जिसके संबंध में नाबालिग ने स्टेशनरी दुकान संचालक को बार-बार जानकारी दी। जिस पर स्टेशनरी संचालक ने गर्भपात कराने और किसी से नहीं बताने को कहा। बदनामी के डर से नबालिग द्वारा इस संबंध में किसी को नहीं बताया गया। इस बीच आरोपी ने भी नाबालिग से बात चीत करना बंद कर दिया था। नाबालिग को पेट दर्द होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसने प्रसव के दौरान उसने एक बच्चे को जन्म दिया था। पुलिस ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कार्रवाई करने के निर्देशत देते हएु आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी स्टेशनरी दुकान संचालक को जाग्रति कालोनी बड़ा गेट के पास से घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया और डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में की गई है। कार्रवाई में महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर, एनकेजे थाना प्रभारी रुपेन्द्र राजपूत सहित अन्य पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किए गए शिक्षक

▸ शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सर्वांगीण विकास पर हुआ सम्मान



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के सिलौंडी क्षेत्र में जनशिक्षक के रूप में उत्कृष्ट करने पर जनशिक्षक संतोष बर्मन को जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत सीईओ और विधायक संदीप जायसवाल द्वरा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जनशिक्षक द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचार, विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान की सराहना की गई। जनशिक्षक ने अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्य, अनुशासन और समर्पण से सिलौंडी क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दी है। कलेक्टर और जिल पंचायत सीईओ ने भी जनशिक्षक के कार्यों को उदाहरणीय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की सम्मान प्राप्त करने पर जनशिक्षक संतोष बर्मन ने सभी अतिथियों और शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते रहने की बात कही है।

निरीक्षण — निर्माणाधीन चौपाटी का नगर निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

# भविष्य की आवश्यकताओं के मद्देनजर महानगरों की तर्ज पर कराएं चौपाटी का निर्माण



**नवभारत, कटनी।** किसी भी नगर की पहचान में स्थानीय चौपाटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चौपाटी का निर्माण बार-बार संभव नहीं होता, इसलिए इसके निर्माण में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया जाना आवश्यक है। ये निर्देश नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने निर्माणाधीन चौपाटी के स्थल निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि चौपाटी को व्यवस्थित, सुविधायुक्त और नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए। इसमें अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं और व्यवस्थाओं को भी समाहित कर समुचित कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने चौपाटी निर्माण की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन करते हुए स्थल पर निर्मित कराई गई संरचनाओं और चौपाटी के अन्य विकास कार्यो के लिए रिक्त स्थल पार्किंग स्थल, बैठक व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर पार्किंग की व्यवस्था चौपाटी परिसर के बाहर समीप के अन्यत्र उचित स्थल पर करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि चौपाटी परिसर को इंदौर की छप्पन और जयपुर की चौपाटी की तर्ज पर अलग-अलग सेक्शन वार सुव्यवस्थित, स्वच्छ और नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए। उन्होंने फूड स्टॉल्स की नियोजित व्यवस्था, बैठने की समुचित सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही, चौपाटी को पारिवारिक और सुरक्षित वातावरण के साथ विकसित करने पर जोर दिया, ताकि यह नागरिकों के लिए एक आकर्षक और सुविधाजनक स्थल बन सके। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा दीनदयालय रसोई रोटी कुटी और पूर्व स्थापित चौपाटी के रिक्त परिसर का निरीक्षण कर हाउसिंग बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्यो के स्थलों की जानकारी लेने, जिला अस्पताल, मुड़वारा स्टेशन, फारेस्टर प्लेग्राउंड सहित चैपाटी आने वाले लोगों को वाहन खड़ा करने की सुविधा के मद्देनजर मल्टी-लेवल पार्किंग के लिए क्षेत्र में उचित स्थल का चयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री असित खरे, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री संजय मिश्रा सहित संविदाकार और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें

## कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी

क्रमांक / जि.शि.के./वित्त/2025/119 — **निविदा सूचना** — कटनी, दिनांक :- 04/02/2026

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र कटनी द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | BID NO:GEM/2026/B/7180951 | इन्टरेक्टिव पेनल | 03.02.2026 |
| 2. | BID NO:GEM/2026/B/7181465 | ऑलइनवन | 03.02.2026 |
| 3. | BID NO:GEM/2026/B/186884 | आई.सी.टी | 03.02.2026 |

उपरोक्त निविदा के नियम / शर्तों के विवरण जेम पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा में होई भी संशोधन जेम पोर्टल पर अपलोड किया जावेगा, उसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र कटनी**

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनीग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024